nt>

Title: Need to ensure proper maintenance of National Highway between Deoria and Balia in Uttar Pradesh. − Laid.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : अध्यक्ष महोदय, देवरिया सौनाली बलिया को जोड़ने वाला जो राट्रीय राजमार्ग है, उसमें जो सड़क बनी हुयी है, वह मानक अनुरूप नहीं है और यह खंड कई जगह पर टूटा हुआ है, जिसके कारण आये दिन यहां पर दुर्घटना होती रहती है और यह सडक एक जानलेवा सड़क के नाम से जानी जाने लगी है। इस खंड में जो दोहरीकरण का कार्य हो रहा है, उस पर पैसे की बरबादी हो रही है, जिसके कार्य की समीक्षा किया जाना अतिआवश्यक है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि देवरिया से बलिया के बीच जो सड़क है, उसको दुरूस्त किया जाये एवं इस खंड पर हो रहे दोहरीकरण सड़क के कार्य की समीक्षा की जाये।